
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 286 ■ मंगलवार, 11 फरवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe


पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..


सोनू सूद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश हुए

# शहर पर लगा अवैध निर्माणों का धब्बा

- अवैध निर्माणों को रोक पाने में सफल हो पाएंगी आयुक्त?
- शहर में बिना फाउंडेशन के बन रहे धोकादायक टीजी
- बिना प्लान पास बन रहे आरसीसी अवैध निर्माण
- हर प्रभाग समिति में दर्जनों बन रहे अवैध निर्माण








**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में यूं तो कई समस्याओं से घिरा हुआ है लेकिन एक ऐसी समस्या है जो एक रोग की तरह शहर निगल रही है। कई दशकों से शहर में अवैध निर्माणों ने केवल बिल्डर, ठेकेदार, आर्किटेक्ट और भ्रष्ट अधिकारियों के साथ नेताओं व ब्लैकमेलरों को करोड़पति बनाया है लेकिन शहर इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। आज इन अवैध निर्माणों को दोगुना टैक्स तो देना पड़ता है लेकिन उनके दुकान व मकान कभी भी वैध नहीं हो पाते और ना ही उन्हें बैंक कोई लोन देता है। इन निर्माणों को किसी भी तरह के असली या वैध कागजात भी नहीं है जिसे वो सरकार के पास पंजीकरण करा सके। हालांकि सरकार ने इन अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए विशेष अध्यादेश जारी किए और यह भी स्पष्ट किया कि इस आदेश के बाद शहर में जो अवैध निर्माण बनेंगे उन पर कार्रवाई होगी ऐसा आदेश हाईकोर्ट ने भी दिया हुआ है लेकिन बावजूद इन आदेशों का पालन मनपा के अधिकारी ही नहीं कर रहे हैं। जिस कारण आज शहर में सैकड़ों की संख्या में टीजी और आरसीसी अवैध रूप से बन रहे हैं।

नवनियुक्त मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले को आए अब तक एक माह भी नहीं हुआ लेकिन उन्होंने शहर को पूरी तरह से जान लिया है और सबसे पहले अपने मुख्यालय में सुधार लाना शुरू किया है। आव्हाले के कार्य से शहरवासियों में उम्मीद है कि अब शहर विकास को गति मिलेगी। लेकिन शहर में ठेकेदार और झोलाछाप बिल्डरों द्वारा बनाए जा रहे अवैध निर्माण और रिडेवलपमेंट के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी को क्या मनपा आयुक्त रोक पाएंगी। क्योंकि शहर में जितने भी लोडबेरींग (टीजी) निर्माण बने रहे वो बिना किसी फाउंडेशन के बनाए गए हैं। ऐसे धोकादायक टीजी के गिरने के आसार प्रबल है। साथ ही शहर में बिना प्लान पास किए कई आरसीसी अवैध निर्माण बन रहे हैं और नियमों का ताक में रखकर बनाए जा रहे हैं। उन पर भी कार्रवाई की उम्मीद शहरवासियों को है। पिछले 5 वर्षों में हर प्रभाग में हजारों की संख्या में अवैध निर्माण हुए हैं। नगररचना विभाग ने इन 5 वर्षों में जिन प्लानों को पास किया है क्या वो नियमानुसार बने हैं। अगर नहीं तो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि अगर इन अवैध निर्माणों को अब रोका नहीं गया तो शहर पर जो अवैध निर्माणों का धब्बा लगा हुआ है वो कभी नहीं मिट पाएगा।

# 12 फरवरी को हाजीमलंग पर उर्स की तैयारी



- शिवसेना दोनों गुट हुए सक्रिय


**कल्याण.** हाजीमलंग बाबा दरगाह ट्रस्ट द्वारा सलाना उर्स का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस बार 12 फरवरी को उर्स मेले का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर ट्रस्ट द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार भक्तों को फ्यूनीकुलर ट्रेन के जरिए पहाड़ तक जाने का अवसर मिल सकता है। वहीं इस मेले में शामिल होने के लिए हर वर्ष शिवसेना द्वारा भी आकर पूजा अर्चना की जाती है। इस बार भी दोनों शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने आपसी बैठक कर इस मेले में शामिल होने की योजना बनाई है। शिवसेना के दोनों गुटों ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। दोनों समूहों के प्रमुख अधिकारियों ने हाल ही में इस संबंध में बैठकें कीं और भक्तों तथा समर्थकों से इसमें भाग लेने की अपील की।

अंबरनाथ तालुका में स्थित हाजीमलंग गढ़ पिछले कुछ वर्षों से हमेशा विवाद और पहचान का विषय रहा है। यहां हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों के अनुयायी इसकी पूजा करते हैं। शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के मार्गदर्शन में आनंद दिघे ने मलंग उत्सव शुरू किया था. उसके बाद से हर साल माघ पूर्णिमा के दिन हाजीमलंग किले पर आरती की जाती है। इस वर्ष भी यहां 12 फरवरी को आरती की जाएगी। शिवसेना के विभाजन के बाद यहां शिवसेना के दोनों गुट सक्रिय हैं।

**पुलिस व प्रशासन तैयारियों में व्यस्त**

दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल शिवसेना शिंदे गुट द्वारा हाजीमलंग की तलहटी में भव्य हरिनाम सप्ताह का आयोजन किया गया था। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने इस क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों पर जोर दिया है। कुछ वर्ष पहले इसी क्षेत्र में हिंदू धर्म सभा आयोजित की गई थी। आज भी शिंदे और उनके पदाधिकारी तथा शिवसेना ठाकरे गुट के पदाधिकारी यहां सक्रिय रूप से मौजूद हैं। अब 12 फरवरी को हाजीमलंग किले पर आरती की जाएगी और इसमें एकनाथ शिंदे के आने की संभावना है। फिलहाल पुलिस और राजस्व प्रशासन यहां विभिन्न तैयारियों में व्यस्त है।

# एक दिन में 135 लोगों को कुत्तों ने काटा




- शहर में आवारा कुत्तों का आतंक
- उल्हासनगर के नागरिक परेशान
- 21 हजार वर्ष में आते हैं इसके मरीज
- सेंट्रल अस्पताल के अधीक्षक ने आयुक्त से मांगी मदद
- अस्पताल में पर्याप्त इंजेक्शन की कमी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर और उसके पड़ोसी शहरों में एक ही दिन में आवारा कुत्तों ने 135 लोगों को काट लिया। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है और इन आवारा कुत्तों ने एक बुजुर्ग महिला के टखने तोड़ दिए। इस महिला पर कुत्तों ने उस समय हमला किया जब वह काम से घर लौट रही थी। रंजना सोनवणे, कोकिला जोगदंड और प्राची लुंड की बेटियों पर भी कुत्तों ने हमला किया है। उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 150 मरीज भर्ती होते हैं जो कुत्ते के काटने के बाद इलाज के लिए आते हैं। यह संख्या हर साल 21,000 तक होती है। हालाँकि, प्रशासन को संघर्ष करना पड़ रहा है क्योंकि पर्याप्त मात्रा में इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हैं। अस्पताल अधीक्षक ने मनपा आयुक्त को इस संबंध में सहायता का अनुरोध करते हुए 9 पत्र भेजे हैं और उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। अस्पताल अधीक्षक मनोहर बनसोडे ने प्रशासन से मदद की मांग की है, क्योंकि यहां प्रतिदिन इतनी बड़ी संख्या में मरीज आ रहे हैं। आवारा कुत्तों के आतंक से शहरवासी परेशान है उनकी रोकथाम के लिए प्रशासन को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

# अंबरनाथ में अंधेरे का राज

- नपा पोल लाइट ठेकेदार से परेशान
- ठेकेदार ने नपा को उच्च न्यायालय में घसीटा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में दस हजार से ज्यादा पोल लाइट है. इन पोल लाइट की देखभाल, दुरुस्ती के लिए अंबरनाथ नगर परिषद ने सन 2014 में टेंडर निकालकर ये ठेका स्टार लाइट कंपनी को दिया था. ये ठेका 9 वर्ष के लिए दिया गया था. इस ठेके की मुदत अप्रैल 2023 में समाप्त हो गई है. कोरोना काल में नगर परिषद ने ठेकेदर को बिल अदा नहीं किया था. इसलिए ठेकेदार ने उच्च न्यायालय में दावा दायर करते हुए नपा द्वारा नई टेंडर प्रक्रिया को स्थगति लेकर उस पर रोक लगा दिया. इसके बाद भी नपा प्रशासन ने स्टार लाइट कंपनी से ही पोल लाइट के कामों को जारी रखा. ठेकेदार ने शहर के पोल लाइट दुरुस्ती पर ध्यान ना देने से शहर के रास्तों पर अंधेरा देखा गया. शहरवासियों द्वारा नपा को शिकायत पर शिकायत प्राप्त होती गई. शहर के पोल लाइट देखभाल, दुरुस्ती के लिए अंबरनाथ नगर परिषद ने संबंधित ठेकेदार को हर महिने के लिए 18 लाख रुपए अदा करता है. इसके बावजूद भी ठेकेदार की मनमानी के कारण शहर में कई रास्तों पर अंधेरा देखा जा रहा है. इस ठेकेदार को जल्द से जल्द हटाकर नए ठेकेदार को नियुक्त करने की मांग शहरवासी कर रहे हैं. मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर ने कहा है कि कोर्ट के अनुसार ठेकेदार की रकम का हिसाब अदा किया जाएगा. उसकी सेवा नहीं मिल रही है. इसलिए उसके बिल में से रकम कटौती की जाएगी.

# बाजी पलटती रहती है, हमारी भी एंट्री होगी : बच्चू कडू

- अंबरनाथ में प्रहार चषक 2025 क्रिकेट स्पर्धा संपन्न

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** राजनीति में कौन-कब नीचे आएगा, बोला नहीं जा सकता. बाजी पटलती रहती है. हमारी भी इंट्री आएगी. प्रहार जनशक्ति पक्ष के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बच्चू कडू ने दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में उपस्थित रहकर अंबरनाथ में ये बात कही है. अंबरनाथ प्रहार जनशक्ति के अध्यक्ष आलम खान ने नेताजी मार्केट मैदान में दो दिवसीय टेनिस बॉल स्पर्धा का आयोजन किया था. उसमें बच्चू कडू मुख्य अतिथि के रूप में आए थे. उन्होंने क्रिकेट खेलकर अच्छे शॉट भी लगाए. इस टूर्नामेंट में अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर से कई टीमों ने भाग लिया. फायनल मुकाबला, किमीया इलेवन उल्हासनगर और जय भोले मॅगी इलेवन के बीच हुआ. मॅगी इलेवन ने फाइनल मुकाबला जीतकर प्रहार चषक 2025 पर कब्जा किया. उप विजेता किमीया इलेवर रही. उल्हासनगर बार एसोसिएशन के वकीलों एवं अंबरनाथ पुलिस के बीच प्रदर्शन मैच को वकीलों ने जीता. दोनों टीमों के खिलाड़ियों का आलम खान के हाथों मेडल दिए गए. दो दिन तक चले क्रिकेट मुकाबले को देखने के लिए सैकड़ों लोग उपस्थित रहे. आयोजक आलम खान ने सभी टीमों का, वकीलों एवं पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया. बच्चू कडू बाद में हजरत गैबनशाह वली दर्गा पर भी गए और राज्य में अमन शांति बने रहने के लिए प्रार्थना की.

# श्रीकांत शिंदे ने सांसद में उठाया छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों का मुद्दा

- पर्यटन स्थल के विकास परियजोना पर उठाए सवाल
- कुछ परियोजनाएं मंजूरी के लिए लंबित
- बजट सत्र के दौरान उठाए सवाल
- पर्यटन सर्किट बनाया जाएं



**उल्हासनगर.** संसद के बजट सत्र में कल्याण लोकसभा के सांसद श्रीकांत शिंदे ने राज्य में छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों का मुद्दा उठाया। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र के लिए विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें से कुछ परियोजनाएं अभी भी मंत्रालय की मंजूरी के लिए लंबित हैं। इसमें महाराष्ट्र के विभिन्न पर्यटन स्थल शामिल हैं। संसद के बजट सत्र के आज प्रश्नकाल के दौरान कल्याण के सांसद श्रीकांत शिंदे ने प्रश्न उठाया गया कि इन परियोजनाओं को मंजूरी मिलने के बाद इनके लिए धनराशि कब उपलब्ध होगी। संसद के बजट सत्र के आज प्रश्नकाल के दौरान महाराष्ट्र और पूरे देश के गौरव छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों और किलों के विकास के संबंध में सवाल उठाया गया। स्वदेश दर्शन योजना का क्रियान्वयन केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से पूरे देश में पर्यटन सर्किट विकसित किया जा रहा है। इसके तहत छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों और दुर्गों की श्रृंखला बनाकर पर्यटन सर्किट बनाया जाना चाहिए। उन्होंने विचार व्यक्त किया कि इसके अंतर्गत अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जाना चाहिए ताकि पर्यटकों को अच्छा अनुभव मिले और भावी पीढ़ियों को शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया जा सके।

# अंबरनाथ पाइपलाइन पर गुंडागर्दी

- 3 लोगों ने मिलकर युवक को पीटा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पाइपलाइन के मुख्य मार्ग पर तीन लोग एक युवक को बेरहमी से पीट रहे थे। एक नागरिक ने युवक की पिटाई का पूरा दृश्य अपने मोबाइल फोन पर कैद कर लिया। बताया जा रहा है कि मारने वाला यह एक आपराधिक पृष्ठभूमि वाला गिरोह है। युवक की बेरहमी से पिटाई के बाद उसे जबरन दोपहिया वाहन पर बैठाकर अपने साथ ले गए। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस को यह वीडियो प्राप्त हो गया है और इस वीडियो के आधार पर इन युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

# कल्याण पूर्व में कोयता गैंग सक्रिय

- हफ्ता न देने पर सब्जी विक्रेता पर कोयते से जानलेवा हमला



**कल्याण.** कल्याण पूर्व क्षेत्र में अपराधियों का वर्चस्व तोड़ने के लिए पुलिस ने अपराधियों को इस क्षेत्र से खदेड़ दिया। विशाल गवली जेल में है। फिर भी, नागरिक भयभीत हैं क्योंकि कल्याण पूर्व में अपराधियों की आपराधिक गतिविधियां बेरोकटोक जारी हैं। कल्याण पूर्व के आडिवली ढोकाली इलाके में एक गिरोह ने तरबूज विक्रेता और उसके सहयोगी को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस तरबूज विक्रेता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आतंक फैलाने वाले कोयता गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में आरोपियों के नाम समीर उर्फ रवि रेड्डी, मनीष चव्हाण और अविनाश झा हैं। इनका कल्याण पूर्व आ डि व ली, ढोकाली क्षेत्रों में भारी आतंक है। तरबूज और सब्जी विक्रेता अक्षय कवड़े (24) ने मनपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में कहा कि वे इस क्षेत्र में ठेले, फेरीवालों और विक्रेताओं से हफ्ता लेते हैं।

विक्रेता अक्षय कावड़े ने थाने में दी शिकायत में बताया है कि वह मूल रूप से धारशिव जिले का रहने वाला है। जीविका चलाने के लिए काका ढाबा के बगल में विजय पाटिल नगर क्षेत्र में सब्जी और तरबूज बेचने का व्यवसाय करता है. शनिवार की रात को उनकी तरबूज गाड़ी पहुंची थी, जिसमें से तरबूज उतारा जा रहा था. उस समय रवि रेड्डी, अविनाश झा और मनीष चव्हाण वहां पहुंचे। रवि रेड्डी ने ढेर से दो तरबूज निकाले। तरबूज के पैसे मांगने पर वे गालीगलौज करने लगे.रवि रेड्डी ने अपनी बाइक से कोयता निकाला और हवा में लहराते हुए अक्षय कावड़े और उसके साथी पर हमला कर दिया. शास्त्री नगर अस्पताल के बाद दोनों लोगों को इलाज के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल भेजा गया।

# कार चालक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी





- 2 लोगों को उड़ाया
- उल्हासनगर 4 की घटना
- सीसीटीवी कैमरे में हादसा कैद
- दुर्घटना में दुपहिया वाहन चालक घायल
- पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। पूरा हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। उल्हासनगर 4 कुर्ला कैंप क्षेत्र से गुजरते समय एक कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर सवार दो लोग दूर जा गिरे। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस बीच, पुलिस स्टेशन में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है क्योंकि दोपहिया वाहन सवार और कार चालक के बीच समझौता हो गया है।

# कल्याण स्टेशन पर मची लूट

- टिकट काउंटर पर यात्रियों से ले रहे अतिरिक्त पैसे
- वीडियो हो रहा जमकर वायरल
- रेल कर्मचारी द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग
- प्रति टिकट 30 रुपए अतिरिक्त शुल्क की वसूली



**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन का एक चौंकाने वाला वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहां टिकट काउंटर कर्मचारी द्वारा यात्रियों से बड़ी लूट की जा रही है। यात्रियों से प्रति टिकट करीब 30 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है, इसके बावजूद टिकट काउंटर कर्मचारी इसे मानने को तैयार नहीं है, जिस कारण एक यात्री उससे सवाल करता नजर आ रहा है। इस घटना का वीडियो देखकर लोगों ने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। टिकट काउंटर कर्मचारी केवल टिकट पर अंकित राशि ही लेने के लिए अधिकृत हैं। वे यात्रियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं मांग सकते या वसूल नहीं कर सकते। हालांकि, कल्याण रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर यात्रियों से बड़ी लूट की वारदात हो रही है। यहां एक टिकट काउंटर पर एक कर्मचारी प्रत्येक यात्री से प्रति टिकट 30 रुपये का अतिरिक्त शुल्क वसूलता हुआ दिखाई दे रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि जब एक यात्री ने इस बारे में पूछा तो वह उसके प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। आइये जानें कि आखिर पूरा मामला क्या है...

# अंबरनाथ में 14 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न




**खिदमत-ए-उम्मत कमेटी ने अब तक 102 शादियां कराई**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में मुस्लिम समाज के 14 जोड़ों का सामूहिक विवाह 8 फरवरी को संपन्न हुआ. खिदम-ए-उम्मत कमेटी की ओर से ये कार्यक्रम शहर पश्चिम के गैबन शाह वली मैदान में संपन्न हुआ. कमेटी ने 5 वर्षों में 102 दूल्हा-दुल्हान को शादी के बंधन में बांधा है. कमेटी के समीर शेख और जफर पठान लाला ने ये जानकारी दी है.

उन्होंने बताया कि जरूरतमंद दूल्हा-दुल्हन को जीवन आवश्यक वस्तुएं, जैसे पलंग, आलमारी, मिक्सर, कुकर, बेड, कपड़े आदि सामान भेंट में दिए गए. कमेटी ने दूल्हा-दुल्हन से एक रुपया भी नहीं लिया है. ऐसी जानकारी भी दी गई. दुल्हा-दूल्हन के बारातियों एवं उपस्थितों के लिए भोजन का प्रबंध भी किया गया. कार्यक्रम में पूर्व उप नगराध्यक्ष राजेश वालेकर क्राइम निरीक्षक किशोर शिंदे, सगीर खान एवं मुस्लिम जमात के पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

राजेश वालेकर ने कहा कि खिदमत-ए-उम्मत कमेटी ने नेक काम किया है. उन्होंने दूल्हा-दुल्हन एवं कमेटी के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया. क्राइम निरीक्षक ने भी बधाई देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह के एक ही कार्यक्रम में शादी हो जाने से पैसे बच जाते हैं. कमेटी के जलाल शेख, समीर शेख, जफर लाला, शब्बीर शेख, कमरूद्दीन शेख, बिलाल मखदूम, नईम शेख, असलम, शाहिद खान ने शादी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परिश्रम किया.

# कैम्प-3 में चोर LED TV ले उड़ा

- CCTV में कैद हुआ चोर
- टीवी बाजार की घटना
- उल्हासनगर 3 के व्यापारी परेशान

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में दिनदहाड़े एक चोर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से एलईडी टीवी चोरी करने की घटना घटी है। उल्हासनगर 3 स्थित दीपक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से एक व्यक्ति एक डिब्बे में नई एलईडी टीवी ले गया। दुकानदार की लापरवाही का फायदा उठाकर उसने रिक्शे में बैठकर टीवी चुरा लिया। रिक्शे में एलईडी टीवी ले जाते समय वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस बीच जब दुकानदार ने इस पर ध्यान दिया तो उसे पता चला कि टीवी चोरी हो चुका है। दुकानदार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस सीसीटीवी के जरिए चोर की तलाश कर रही है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## घरेलू हिंसा कानून का दुरुपयोग

इसमें कोई दोराय नहीं कि महिलाओं को घरेलू हिंसा और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से बचाने के लिए जो कानून बने हैं, वे अपने उद्देश्य और प्रभाव के स्तर पर वास्तव में लागू होने चाहिए। मगर इन कानूनों के पालन के साथ यह जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है कि जाने या अनजाने इस कानून का किसी रूप में दुरुपयोग न हो। विडंबना यह है कि कई बार कानूनों का इस्तेमाल मुख्य आरोपी के साथ ही ऐसे लोगों पर भी कर दिया जाता है, जो संबंधित मामले में भागीदार नहीं होते। ऐसे मामलों में अगर किन्हीं वजहों से ऐसे आरोप गलत साबित होते हैं, तो न केवल पीड़ित को असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है, बल्कि कानूनों के बेजा इस्तेमाल का सवाल भी उठता है। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा के मामलों से अत्यंत संवेदनशीलता के साथ निपटने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि किसी आरोपी के परिवार के सदस्यों को आपराधिक मामले में विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक रूप से नहीं घसीटा जा सकता।

महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बने कानूनों का मकसद समाज में महिलाओं के खिलाफ कई स्तर पर पलने वाले हिंसक रवैये से उन्हें सुरक्षा देना है। अगर किन्हीं हालात में महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की घटना होती है और पीड़ित उन्हीं कानूनों का सहारा लेकर न्याय की मांग करती है, तो यह स्वाभाविक है। लेकिन अगर इस क्रम में कठघरे में वैसे लोग भी आ जाएं, जिनकी कोई भूमिका न हो, तो ऐसे में कानूनों के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठते हैं।

उत्पीड़न के समय पीड़ित को बचाने के लिए आगे न आने पर संवेदनशीलता, मानवीयता और जिम्मेदारी के सवाल उठाए जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए किसी को कानून के कठघरे में खड़ा करने की मंशा को उचित नहीं कहा जा सकता। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सामाजिक पूर्वाग्रहों की वजह से कई बार ऐसे हालात पैदा होते हैं, जिनकी शिकार महिलाएं होती हैं। ऐसे में कानून का सहारा लेने के मामले में ईमानदारी के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है।

# जनाधार के लिए जूझती कांग्रेस, संदिग्ध विश्वसनीयता से उबरना होगा

जिस दिल्ली में कांग्रेस ने लगातार 15 साल राज किया, उसी में लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में खाता नहीं खोल पाई। सबसे पुराने राजनीतिक दल के लिए देश की राजधानी में यह चिंता की बात होनी चाहिए, पर उसके नेताओं के बयानों में आप की सत्ता से बेदखली पर संतोष झलक रहा है।

वही आप, जो कांग्रेस के साथ डेढ़ साल पहले बने विपक्षी गठबंधन 'आईएनडीआईए' में शामिल है और दोनों दल दिल्ली समेत कुछ राज्यों में पिछले साल लोकसभा चुनाव भी मिल कर लड़े थे। भाजपा को केंद्रीय सत्ता से हटाने के लिए हाथ मिलाने वाले दल अब एक-दूसरे को ठिकाने लगाने पर ही संतुष्ट नजर आ रहे हैं तो जाहिर है कि यह देश की राजनीति में बड़े मोड़ का संकेतक है।

दिल्ली में पिछले दोनों चुनाव में मुकाबला किस तरह एकतरफा था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 70 सदस्यों की विधानसभा में एक बार आप 67 सीटें जीती तो दूसरी बार 62, जबकि भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गई। फिर भी कांग्रेस ने इस बार विपक्षी गठबंधन में अपने सहयोगी दल के विरुद्ध ही जोर आजमाइश का फैसला किया तो साफ है कि अब उसका फोकस हर हाल में भाजपा को हराने के बजाय फिर से खुद अपने पैरों पर खड़े होने पर है।

आप ने कांग्रेस से पहले दिल्ली की सत्ता छीनी, फिर पंजाब की। गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस का जनाधार आप की जड़ें फैलने से ही सिकुड़ा। इसीलिए पिछले साल




लोकसभा चुनाव में व्यापक विपक्षी गठबंधन के बावजूद नरेन्द्र मोदी को सत्ता की 'हैटट्रिक' से रोकने में नाकामी के बाद कांग्रेस ने तय किया कि 2029 में होने वाले अगले लोकसभा चुनाव तक उसे अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश करनी चाहिए।

अपने पैरों पर खड़े होने की पहली शर्त है कि अपने जनाधार में सेंध लगाने वाले दलों से निपटा जाए। जहां तक पहली भिड़ंत आप से होने का प्रश्न है तो यह प्रयोग भी है और संयोग भी। प्रयोग इसलिए कि आप का जन्म ही कांग्रेस के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों और आंदोलन से हुआ। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी पहली सरकार भी उसी के समर्थन से बनाई, पर दिल्ली से गुजरात तक वाया पंजाब उसे कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

इसलिए भाजपा के बाद कांग्रेस को आप ही अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानती है। संयोग यह कि लोकसभा चुनाव के बाद दिल्ली ही विधानसभा चुनाव वाला वह राज्य है, जहां आप बड़ी ताकत है। दिल्ली में कांग्रेस के पास गंवाने के लिए भी कुछ नहीं था। हां, आप की सत्ता दांव पर थी, जो अंततः चली भी गई।

दिल्ली की सत्ता से 27 साल का वनवास समाप्त करने के लिए भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं की मेहनत को कम नहीं आंका जाना चाहिए, पर यह तो तथ्य है कि दो प्रतिशत मत ज्यादा पा कर ही भाजपा आप से 40 सीटें छीनने में सफल रही, जबकि कांग्रेस ने भी इस बार 2.8 प्रतिशत मत ज्यादा हासिल किए। भले ही 67 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, लेकिन केजरीवाल-मनीष सिसोदिया समेत 14 सीटों पर आप की हार में उसके उम्मीदवारों ने निर्णायक भूमिका निभाई।

विधानसभा में तीन बार शून्य हासिल करने के बावजूद कांग्रेसी नेताओं के बयानों से झलकते संतोष का कारण यही है कि दो राज्यों में सत्ता छीनने और कई राज्यों में जनाधार में सेंध लगाने वाली आप को उसके गढ़ में ही ध्वस्त करने में सफलता मिल गई। तर्क हो सकता है कि 43.57 प्रतिशत मत और 22 सीटें जीतने वाली आप को ध्वस्त नहीं मान लेना चाहिए। बेशक राजनीति अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन असम गण परिषद का उदाहरण बताता है कि आंदोलन से उपजे व्यक्तिकेंद्रित दलों का जनाधार स्थिर नहीं होता।

दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप की आंतरिक मुश्किलें बढ़ेंगी और बाहरी भी। आप के कई संस्थापक सदस्य तो पहले ही आरोप लगाते हुए केजरीवाल से किनारा कर गए थे, चुनाव से पहले भी कई ने झाड़ू का साथ छोड़ दिया। ऐसे में न सिर्फ दिल्ली, बल्कि आप शासित पंजाब में भी झाड़ू को एकजुट रखना केजरीवाल के करिश्मे की अग्निपरीक्षा होगी।





आत्मा हमारे भीतर मौजूद जीवनदायी शक्ति है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# 'फ्री की राजनीति' पर जनता का फैसला

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित नहीं कहे जा सकते। यह चुनाव शुरू से दो-ध्रुवीय था। भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सीधी टक्कर थी। कांग्रेस ने जरूर दावेदारी की थी, मगर जैसे-जैसे चुनाव की सरगर्मी बढ़ती गई, उसे अहसास होने लगा था कि वह मुकाबले में नहीं है। इसका नतीजा यह हुआ कि उसे शिथिलता ने घेर लिया। भाजपा लंबे समय से आम आदमी पार्टी की कमजोरियों और अनियमितताओं को उजागर करती आ रही थी। इस तरह वह लोगों के मन में सत्ताविरोधी लहर पैदा करने में कामयाब भी हुई। हालांकि तमाम सर्वेक्षणों से यही पता चल रहा था कि दिल्ली की बड़ी आबादी आम आदमी पार्टी सरकार से बहुत नाखुश नहीं थी, मगर उनमें से काफी लोग इस बार बदलाव चाहते थे। आम आदमी पार्टी की साख को सबसे अधिक नुकसान कथित शराब घोटाले की वजह से हुआ।

इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल जाना पड़ा था। पार्टी लगातार दलील देती रही कि उसके नेताओं को झूठे आरोप में फंसाया गया है, मगर वह लोगों के गले नहीं उतरी। उन्होंने दागी नेताओं को शिकस्त दी। इन नतीजों से यह भी जाहिर हुआ है कि भाजपा के काम पर लोगों का भरोसा कमजोर नहीं हुआ है।

हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मुद्दों से अधिक मुफ्त की योजनाओं का शोर सुनाई दिया। आम आदमी पार्टी सरकार पहले से मुफ्त बिजली-पानी और शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचा रही थी। इसे लेकर बहुत सारे लोगों के मन में एक आकर्षण बना हुआ था। फिर सरकार



ने चुनाव से ऐन पहले घोषणा कर दी कि वह हर महिला को इक्कीस सौ रुपए हर महीने देगी। इसके लिए पंजीकरण भी शुरू कर दिया। इसके जवाब में भाजपा ने ढाई हजार रुपए हर महीने देने की घोषणा कर दी। फिर यह भी भरोसा दिलाया कि जो योजनाएं पहले से चल रही हैं, अगर उसकी सरकार बनी तो, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा।

इस वादे पर लोगों ने भरोसा किया। दूसरे कुछ राज्यों में भी भाजपा महिलाओं के लिए नगद राशि देने की योजनाएं चला रही है। जबकि पहले भाजपा खुद दिल्ली सरकार की मुफ्त की योजनाओं की मुखर आलोचना करती थी, मगर चुनाव आते ही उसने भी आम आदमी पार्टी को उसी के दांव से पटखनी देने का फैसला कर लिया और उसमें उसे कामयाबी भी मिली।

दिल्ली सरकार के पास शासन क्षेत्र सीमित है, उसे केंद्र के साथ तालमेल बिठा कर ही विकास योजनाओं पर आगे कदम बढ़ाना होता है। आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र के बीच शुरू से तनातनी बनी हुई थी, जिसके बीच अपने अधिकारों को लेकर कई बार केजरीवाल सरकार को अदालत तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उपराज्यपाल से उनके रिश्ते कभी समरस नहीं रहे। ऐसे में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह खींचतान समाप्त हो जाएगी और उम्मीद बनी है कि कुछ बेहतर और उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। मगर नई सरकार के सामने चुनौतियां भी कम न होंगी। आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जो काम किए हैं, उससे बेहतर काम करके दिखाना होगा। फिर शहर की साफ-सफाई, जलभराव आदि जैसी समस्याओं से निपटना हर वर्ष की चुनौती है। नगर निगम के साथ किस तरह तालमेल बिठा कर वह इन मसलों को हल करने का प्रयास करेगी, उसी आधार पर उसका जनाधार मजबूत हो सकता है।

# पहियों वाला रोबोटक डॉग, डांस के साथ करता बैकफ्लिप!

पिछले कुछ सालों से दुनिया की सेनाएं खास तरह के डॉगी रोबोट बना रहे हैं. सेनाएं इनसे कई तरह के काम ले

**जरा हट के**

सकती हैं. खुद भारतीय सेना ने भी MULE नाम का एक रोबोटिक कुत्ता शामिल किया है जो सेना के लिए कठिन हालात और भूभागों में बहुत ही मददगार हो सकता है. चीन और अमेरिका पहले ही इस तरह के रोबोट वाले कुत्ते बना चुके हैं.

लेकिन इन दिनों चर्चा चीन के नए रोबोटिक कुत्ते की है जिसके पैरों में चक्के लगे हैं, वह डांस कर सकता है और वह तैर भी सकता है.

### फुर्तीले डांस का वीडियो

लिंक्स रोबोट डॉग हर तरह की जमीन पर आवाजाही कर सकता है और मुश्किल भूभाग में उसके डांस के वीडियो बहुत चर्चा में हैं. दावा किया जा रहा है कि इसे धरती के हर मुश्किल भूभाग में रहने लायक बनाया गया है. इस अनोखे कुत्ते तो



चीनी कंपनी डीप रोबिटिक्स ने बनाया है. कंपनी का कहना है कि इसे खोजबीन करने, रेस्क्यू ऑपरेशन और वैज्ञानिक पड़ताल करने में मदद करने के लिए बनाया गया है.

### क्या क्या कर सकता है ये?

इसकी सबसे अनोखी बात इसके चक्के हैं जो इसके चार पैरों के अंत में लगे हैं और हर मुश्किल भूभाग में दौड़ता सा दिखता है.यहां यह ऊबड़खाबड़ जमीन पर लुड़कता है, यह दीवारों पर चढ़ सकता है. सीढियां चढ़ और उतर सकता है, बर्फ पर दौड़ सकता है और यहां तक कि यह तैर भी सकता है. यह 8.7 इंच की सीढ़ियां आसानी से चढ़ सका है और 45 डिग्री के ढाल से निपट सकता है.

यूट्यूब पर डीप रोबोटिक्स ने अपने लिंक्स रोबोटिक डॉग कि क्लिप शेयर की है. इसके कैप्शन मे लिखा है, "एक्सट्रीम ऑफ-रोड | डीपरोबोटिक्स लिंक्स ऑल-टेरेन रोबोट." वीडियों में रोबोट पहियों वाले चार पैरों के साथ ऊपर नीचे कलाबाजिया करता हुआ पार करता है, उसने उसे काफी रोचक बना दिया है.

# क्यों फड़कती हैं आंखें?

## शकुन-अपशकुन या स्वास्थ्य संबंध परेशानी

जब भी किसी व्यक्ति की आंख फड़कती है, तो उसे तुरंत शकुन और अपशकुन से जोड़ दिया जाता है. आंख फड़कने को लेकर कई धार्मिक मान्यताएं हैं, लेकिन आंख फड़कना एक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी है. कई बार आंख फड़कना बंद ही नहीं होती है और लोगों को डॉक्टर के पास भागना पड़ जाता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो मेडिकल साइंस में आंख फड़कने की कई वजह बताई गई हैं. जांच के बाद आंख फड़कने की सही वजह का पता लगाया जा सकता है और किसी भी तरह की परेशानी होने पर उसका ट्रीटमेंट किया जाता है. इस बारे में डॉक्टर से जरूरी बातें जान लेते हैं.

नई दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के प्रिवेंटिव हेल्थ एंड वेलनेस डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. सोनिया रावत ने बताया कि आंख फड़कना एक कॉमन प्रॉब्लम है, जो कभी-कभी लोगों को महसूस होती है. जब हमारे पलक की मसल्स अनकंट्रोल तरीके से सिकुड़ती हैं, तो इससे पलक फड़कने की कंडीशन पैदा हो सकती है. आंखों का फड़कना आमतौर पर किसी गंभीर बीमारी का संकेत नहीं होता है और यह कुछ समय बाद यह परेशानी अपने आप ठीक हो जाती है. हालांकि यह समस्या लंबे समय तक रहे, तो डॉक्टर से मिलकर जांच करवानी चाहिए. कई बार यह हेल्थ प्रॉब्लम का संकेत हो सकता है.

डॉक्टर ने बताया कि आंखों का फड़कना तनाव और चिंता के कारण भी हो सकता है. जब हम मानसिक रूप से थके हुए होते हैं या



अत्यधिक तनाव महसूस करते हैं, तो हमारे शरीर में कुछ शारीरिक प्रतिक्रिया होती है, जिसमें आंखों का फड़कना भी शामिल हो सकता है. यह मांसपेशियों की अनियमित सिकुड़न का परिणाम होता है. इसके अलावा आंखों का फड़कना नींद की कमी के कारण भी हो सकता है. जब हम पर्याप्त आराम नहीं करते, तो हमारी आंखों की मांसपेशियां ठीक से काम नहीं कर पातीं और इससे पलक झपकने का एहसास होता है.

एक्सपर्ट के अनुसार कभी-कभी आंखों का फड़कना ज्यादा कैफीन के सेवन के कारण भी होता है. ज्यादा कैफीन इनटेक नर्वस सिस्टम स्टिम्युलेट कर सकता है, जिससे आंखों में फड़कन महसूस हो सकती है. आंखों की ड्राइनेस भी फड़कन की एक बड़ी वजह हो सकती है. जब हमारी आंखों में नमी की कमी होती है, तो मांसपेशियों में संकुचन होने लगता है, जो पलक के फड़कने का कारण बनता है. यह समस्या उन लोगों में होती है जो लंबे समय तक कंप्यूटर या मोबाइल स्क्रीन का उपयोग करते हैं. ऐसी कंडीशन में लोगों को आर्टिफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करने की जरूरत पड़ सकती है.

आंखों का फड़कना शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी के कारण भी हो सकता है. मैग्नीशियम, पोटेशियम और विटामिन बी12 की कमी से तंत्रिका तंत्र प्रभावित होता है और पलक झपकने की समस्या उत्पन्न हो सकती है. आंखों का फड़कना आमतौर पर कोई गंभीर समस्या नहीं होती, लेकिन कभी-कभी यह कुछ गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकता है. अगर आंखों का फड़कना लगातार बढ़ता जाए या इसमें दर्द, सूजन या अन्य असामान्य लक्षण भी शामिल हों, तो यह न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर या नर्वस सिस्टम से जुड़ी कोई परेशानी हो सकती है. ऐसी कंडीशन में डॉक्टर से मिलकर कंसल्ट करें.

# चावल के आटे की रोटी खाने के भी हैं कई फायदे

## तेजी से होता है वेट लॉस

चावल के आटे की रोटी एक पारंपरिक और स्वादिष्ट विकल्प है जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। गेहूं के आटे की रोटी से अगर तुलना करें तो चावल के आटे की रोटी सेहत के लिए काफी लाभकारी है। चावल के आटे की रोटी आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद है।

## वजन कम करने में मदद

चावल के आटे की रोटी में कम कैलोरी और अधिक फाइबर होता है, जो वजन कम करने में मदद कर सकता है। चावल के आटे की रोटी खाने से वजन को कंट्रोल करने में काफी मदद होती है। गेहूं के मुकाबले चावल की रोटी काफी लो फैट होती है।

## पाचन तंत्र होता है मजबूत

चावल के आटे की रोटी में फाइबर और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो पाचन तंत्र को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं। अगर आपको बदहजमी की शिकायत रहती है तो आप चावल के आटे की



रोटी का सेवन कर सकते हैं। इससे आपका पाचन तंत्र काफी मजबूत होता है।

## शुगर होती है कंट्रोल

चावल के आटे की रोटी में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जो रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। चावल के आटे की रोटी का सेवन करने से आपकी शुगर लेवल भी कंट्रोल रहती है। गेहूं की रोटी के मुकाबले यह ज्यादा बेहतरीन होत

## दिल को बेहतर बनाने में मदद

चावल के आटे की रोटी में ओमेगा-3 फैटी एसिड और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। चावल के आटे की रोटी में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# सूजी के रसगुल्ले

खाना-खजाना

**सामग्री :**

सूजी से झटपट और टेस्टी रसगुल्ले बनाने के लिए आपको जिन चीजों की जरूरत होगी वो हैं - सूजी ( आधा कप), चीनी ( एक चौथाई कप), देसी घी, दूध ( डेढ़ कप), चाशनी के लिए चीनी ( दो कप ), फ्लेवर के लिए आप चाहें तो इलायची पाउडर, गुलाबजल या केवड़ा वॉटर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**विधि :**

सूजी के रसगुल्ले बनाने के लिए सबसे पहले शुगर सिरप यानी चाशनी बनाकर तैयार करें। इसके लिए एक पैन में दो कप चीनी लें और लगभग दो कप से हल्का सा ज्यादा पानी डालें। आप चाहें तो इसमें फ्लेवर के लिए इलायची पाउडर, गुलाब जल या केवड़ा वॉटर डाल सकती हैं। जैसे ही चाशनी में उबाल आ जाए, गैस को बंद कर दें। चाशनी को बिल्कुल पानी जैसा ही रखें। इसे ठंडा होने के लिए रख दें और तब तक सूजी के रसगुल्ले बनाकर तैयार करें। रसगुल्ले बनाने के लिए गैस पर एक पैन चढ़ाएं। इसमें एक चम्मच



देसी घी डालें। घी गर्म होने पर इसमें लगभग डेढ़ कप दूध मिलाएं। अब इसमें धीरे-धीरे सूजी एड करें। इस दौरान इन्हें अच्छी तरह चलाते रहें ताकि किसी भी तरह की गांठ ना पड़ें। इसमें एक चौथाई कप चीनी और फ्लेवर के लिए इलायची पाउडर मिलाएं। सभी चीजों को चलाते हुए तब तक पकाते रहें जब तक सूजी पैन को छोड़ने ना लगे। जब रोटियों के आटे जैसा सॉफ्ट डो बनकर तैयार हो जाए, तो गैस से उतार दें। अब इस डो को आटे की तरह मसल लें और छोटी-छोटी बॉल्स बनाकर तैयार करें।

अब गैस पर अपनी बनाई हुई चाशनी गर्म होने के लिए रखें। जैसे ही उसमें उबाल आए, रसगुल्ले की बॉल्स डाल दें। इन्हें ढककर लगभग तीन से पांच मिनट के लिए पकाएं। जैसे ही ये हल्के से फूल जाएं और इनमें चाशनी अच्छी तरह भर जाए, गैस को बंद कर दें। लगभग 15 मिनट के लिए इन्हें ऐसी ही चाशनी में डूबा हुआ रहने दें। तो लीजिए तैयार हैं आपके झटपट बनने वाले स्वादिश्ट सूजी के रसगुल्ले।

# अचार बनाने के कुछ ही दिनों बाद हो जाता है खराब

## सालों स्टोर करने के लिए जरूर करें ये काम

अचार को देखते ही मुंह में पानी आ जाता है. घर में कोई सब्जी ना भी बनी हो तो लोग रोटी, पराठा, पूड़ी या फिर चावल दाल को अचार के साथ खाना पसंद करते हैं. कई तरह के अचार लोग बनाते हैं जैसे आम का अचार, मिर्च, कटहल, आंवला, मूली, गाजर, करौंदा, यहां तक कि मिक्स अचार. सभी बेहद स्वादिष्ट होते हैं और अचार को बनाने की रेसिपी भी थोड़ी बहुत अलग होती है. अचार एक बार बनाकर रख लें तो यह दो-तीन साल तक आराम से चलती है. खासकर, आम, कटहल आदि का अचार. ये जितने पुराने होते जाते हैं, इनका स्वाद भी उतना ही दमदार हो जाता है और तेल मसालों का भी फ्लेवर बेहद अच्छी तरह से अचार में घुल जाता है. कई बार लोग अचार को सही तरीके से स्टोर नहीं करते हैं. भीगे या गंदे हाथों से छूकर निकालते हैं. जार के ढक्कन को सही से बंद नहीं करते हैं या फिर महीनों धूप नहीं दिखाते हैं. इससे अचार सड़ने लगती है. इस पर सफेद फफूंद लग जाता है. यदि समय रहते इसे देखकर कुछ उपाय न किया जाए तो ये फफूंद लगे अचार को खाना सेहत के लिए ठीक नहीं. ऐसे में आप चाहते हैं कि आप मेहनत से जिस अचार को तैयार किए हैं, वह जल्दी खराब ना हो, उस पर फफूंद न लगे, तो आप इस तरह से अचार का रख-रखाव करें.

## अचार को खराब होने और फफूंद से बचाने के उपाय

- यदि आप अचार बनाते हैं तो वह आराम से एक-दो साल चल जाता है, लेकिन कई बार जल्दी खराब हो जाते हैं. अजीब सी स्मेल आती है या फिर फफूंद लग जाता है. इतनी मेहनत करने के बाद अचार खराब हो जाए तो जाहिर है मूड खराब होगा ही.
- आप जिस भी चीज का अचार बनाएं चाहे नींबू हो, कटहल हो या फिर आम या आंवला हो, वे सब अच्छी क्वालिटी का खरीदें. उन्हें पानी में सही तरीके से साफ करके सुखा लें.
- कुछ लोग जब अचार बना लेते हैं तो उसे सही जार या कंटेनर में नहीं रखते हैं. प्लास्टिक या फिर स्टील के डिब्बों में अचार स्टोर करके न रखें. कंटेनर या जार हमेशा मिट्टी या फिर कांच का ही हो .स्टील रिएक्ट करती है और प्लास्टिक सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है. साथ ही इसमें अचार जल्दी खराब हो जाता है.
- जो भी कंटेनर अचार रखने के लिए लें, उसे पहले स्टेरलाइज करें. सबसे पहले कंटेनर को अच्छी तरह से पानी से साफ कर लें. फिर धूप में अच्छी तरह से सुखा लें. यदि आपके घर में धूप नहीं आती है तो कंटेनर को हींग या फिर लाल मिर्च की धूनी दिखाएं. ऐसा करने से कंटेनर के अंदर एक परत सी जम जाएगी, जिससे इसके अंदर बैक्टीरिया नहीं पनप पाएगा.
- कुछ लोग सोचते हैं कि अचार में बहुत तेल डाल दें तो ये अधिक दिनों तक चलता है. ऐसा सभी अचार के लिए जरूरी नहीं है. यदि आप कम तेल में अचार बनाएं तो भी यह खराब नहीं होगा. इसके लिए आप फिटकरी लें. यदि आप एक किलो अचार बना रहे हैं तो उसमें आधा चम्मच फिटकरी का पाउडर डाल दें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ। कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**वृषभ :** अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे। चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी।

**मिथुन :** परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी। व्यापार अच्छा चलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कर्क :** निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**सिंह :** व्यवसाय ठीक चलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**कन्या :** संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**तुला :** कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें।

**वृश्चिक :** स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। इच्छित लाभ होगा।

**धनु :** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी।

**मकर :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धैर्य एवं संयम बना रहेगा। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा हो सकती है।

**कुंभ :** रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे। संतान के कार्यों में उन्नति के योग हैं।

**मीन :** मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### वरीक्षा कार्यक्रम में बहनोई का उत्पात, साले का गला दबा किया मरणासन्न, मेहमानों ने बचाई जान

**बांदा.** बांदा में वरीक्षा कार्यक्रम के दौरान टल्ली बहनोई को उत्पात मचाने से मना करना महंगा पड़ा। बहनोई साले को बेरहमी से पीटा। यहां तक उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की। मेहमान और परिजनों के बीचबचाव पर साले की जान बच पाई। मरणासन्न हालत में उसे पहले पीएचसी और फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिसंडा थानाक्षेत्र के अमवां गांव निवासी विनोद पुत्र शिवकुमार के बड़े भाई संतोष की शनिवार को वरीक्षा थी। तमाम मेहमान घर में मौजूद थे। बहनोई शराब के नशे में टल्ली होकर आया और उत्पात मचाने लगा। विनोद ने बहनोई को समझाया, लेकिन वह नहीं मना। इसी बात को लेकर दोनों में लपटा-झपटी होने लगी। बहनोई ने 18 वर्षीय विनोद को उठाकर पटक दिया। उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं गला दबा दिया, जिससे विनोद की बेहोश हो गया।

### लखनऊ में धर्म परिवर्तन को लेकर बवाल, घर में मौजूद 50 लोगों को थाने लाई पुलिस

**लखनऊ.** लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र के छोटा भरवारा स्थित एक घर में धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर बवाल मच गया। दर्जनों लोगों ने घर घेर लिया। धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। आरोप लगाया कि मोहल्ले के लोगों को भी प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया जा रहा है। धर्म परिवर्तन से इंकार पर मकान बेचने का दबाव बनाया जाता है। गोमतीनगर विस्तार थाने की पुलिस भी पहुंच गई। घर में मौजूद 50 लोगों को पुलिस थाने ले आई। सभी के नाम पते नोट कर छोड़ दिया। इनका कहना था कि वह प्रार्थना सभा में आए थे। प्रार्थना सभा आयोजित करने वाले धर्म विशेष के लोगों के बारे में भी पुलिस ने तहकीकात की। उन्हें चेतावनी दी गई है कि इलाके का माहौल बिगड़ा तो कार्रवाई की जाएगी। इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए पीएसी तैनात कर दी गई है।

### अयोध्या के थार कांड में घायल दूसरे युवक की भी मौत, कुचल दिया था 2 भाइयों को

**अयोध्या.** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक युवक ने कहासुनी के बाद दो चचेरे भाइयों को अपनी थार गाड़ी से कुचल दिया था। दोनों जमीन पर गिर गए थे। गाड़ी उन्हें कुचलते हुए निकल गई थी। गंभीर रूप से घायल एक शख्स शनिवार सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मरने वाले की पहचान बनवीरपुर के कप्तान सिंह के रूप में हुई थी। घटना में बुरी तरह घायल एक अन्य युवक की लखनऊ के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है। इसी वारदात से जुड़े एक अन्य मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मौके की नजाकत को देखते हुए बनवीरपुर गांव में पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है।

### पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के जीजा के घर में छत के रास्ते घुसे चोर, 90 लाख की चोरी

**कानपुर.** जाजमऊ में चोरों ने पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के जीजा और चमड़ा कारोबारी जावेद आलम के घर से 90 लाख का माल पार कर दिया। घटना के वक्त कारोबारी परिवार संग भूतल में बने कमरों में सो रहे थे। शनिवार सुबह सोकर उठने पर सामान अस्तव्यस्त देख चोरी की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो तीन नकाबपोश घुसते हुए कैद हुए। पॉश इलाके में बड़ी चोरी की सूचना पर पुलिस संग फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में रहने वाले जावेद आलम की संजय नगर में टेनरी है।

# तिरुपति लड्डू विवाद : CBI ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार

**तिरुपति.** आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डू में मिलावट मामले को लेकर 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। CBI के नेतृत्व में जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने रविवार को ये गिरफ्तारी की हैं।

जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशक विपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी के अपूर्व चावड़ा और एआर डेयरी के राजू राजशेखरन के रूप में हुई है। चारों को प्रसाद के लड्डू बनाने के लिए घी की सप्लाई में अनियमितताएं मिलने पर गिरफ्तार किया गया है।

CBI को जांच में पता चला कि वैष्णवी डेयरी के प्रतिनिधियों ने एआर डेयरी के नाम पर टेंडर हासिल किए थे। वैष्णवी डेयरी ने टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी करने के लिए एआर डेयरी के नाम का इस्तेमाल करते हुए फर्जी डॉक्यूमेंट और मुहरें बनाई थीं।




वैष्णवी डेयरी द्वारा बनाए गए नकली रिकॉर्ड में दावा किया गया कि उसने रुड़की में भोले बाबा डेयरी से घी खरीदा है, लेकिन उसके पास जरूरी मात्रा में आपूर्ति करने की क्षमता नहीं थी।

#### सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा

चारों को सोमवार को तिरुपति कोर्ट में पेश किया जाएगा। SIT के सदस्य और CBI के जॉइंट डायरेक्टर वीरेश प्रभु के कोर्ट में मौजूद रहने की उम्मीद है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 4 अक्तूबर 2024 को भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी सहित अन्य की याचिकाओं पर CBI को SIT बनाने का आदेश दिया था। CBI ने पिछले साल नवंबर में 5 सदस्यीय SIT का गठन किया था। उन्होंने कहा कि टीम में एजेंसी के 2, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) के एक अधिकारी शामिल थे।

### ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर के पद से दिया इस्तीफा



ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की घोषणा उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर की है। ममता कुलकर्णी ने कहा, 'मैं महामंडलेश्वर, यामाई ममता नंदगिरी, इस पद से इस्तीफा दे रही हूं। आज किन्नर अखाड़े या दोनों अखाड़ों के बीच जो मुझे लेकर विवाद चल रहा है इसलिए मैं ये इस्तीफा दे रही हूं। मैं पिछले 25 साल से साध्वी थी और मैं आगे भी साध्वी ही रहूंगी।'

#### 'ये कुछ लोगों के लिए आपत्ति जनक हो गया'

ममता ने आगे कहा, 'ये महामंडलेश्वर का मुझे जो सम्मान दिया गया था वो एक प्रकार का सम्मान होता है जिसमें एक इंसान जिसने 25 साल स्विमिंग की हो उससे ये कहा जाता है कि आज के बाद जो बच्चें स्विमिंग करने आएंगे उन्हें स्विमिंग का ज्ञान देना।

# ढाई फुट का दूल्हा, साढ़े तीन फुट की दुल्हन


- कुरुक्षेत्र के जसबीर को फेसबुक पर प्यार हुआ
- NRI सुप्रीत से जालंधर में शादी की

**कुरुक्षेत्र.** हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले ढाई फुट के जसमेर सिंह उर्फ पोला मलिक की जालंधर की रहने वाले साढ़े 3 फुट की सुप्रीत कौर से शादी हुई है। सुप्रीत कौर कनाडा में रहती है। शादी के लिए वह अपने घर जालंधर में आई थी। दोनों ने शनिवार को जालंधर के गुरुद्वारा साहिब में फेरे लिए।

शादी के बाद दोनों के डांस करते हुए के वीडियो सामने आए हैं। आज, सोमवार को कुरुक्षेत्र में दोनों की रिसेप्शन पार्टी रखी गई है। दोनों की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। डेढ़ साल डेट करने के बाद दोनों ने एक-दूसरे से शादी करने का फैसला किया।

#### सोशल मीडिया पर खुद को सबसे छोटा व्यक्ति लिखा

पोला मलिक कुरुक्षेत्र के



उपमंडल पिहोवा के सारसा गांव का रहने वाला है। पोला के पास करीब 5 एकड़ जमीन है, जिस पर वह खेतीबाड़ी करता है। उसका एक छोटा भाई राहुल मलिक भी है। पोला मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। उसके फेसबुक पर 17 हजार और इंस्टाग्राम पर साढ़े 5 हजार फॉलोअर्स हैं।

उसने अपने अकाउंट्स पर खुद को हरियाणा का सबसे छोटा व्यक्ति लिखा हुआ है। वह अपनी रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करता है।

# अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के AAP विधायक दिल्ली बुलाए

- CM मान ने कैबिनेट मीटिंग टाली
- कांग्रेस का दावा- 30 MLA हमारे संपर्क में

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद सत्ता से बाहर हुई आम आदमी पार्टी (AAP) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुला ली है। यह मीटिंग दिल्ली में कल (11 फरवरी) सुबह 11 बजे कपूरथला भवन में होगी। इसमें CM भगवंत मान के साथ उनके सारे मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

माना जा रहा है कि इसी वजह से पंजाब सरकार की 10 फरवरी यानी आज होने वाली कैबिनेट मीटिंग भी टाल दी गई। रविवार देर शाम इसकी सूचना जारी की गई। अब यह मीटिंग 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे चंडीगढ़ में होगी। इससे पहले भी कैबिनेट मीटिंग का 5 फरवरी का शेड्यूल बदला जा चुका है।

यह मीटिंग ऐसे वक्त पर बुलाई गई है, जब पंजाब कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि AAP के 30 विधायक हमारे संपर्क में हैं। इसके अलावा उन्होंने ये आरोप भी लगाया कि दिल्ली में हारने के बाद अरविंद केजरीवाल पंजाब के CM बनना चाहते हैं।

# ब्रह्मपुत्र नदी पर सबसे बड़ा बांध बना रहा चीन

- सरकार इसे रुकवाए; BJP सांसद ने संसद में उठाई आवाज

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी के सांसद दिलीप सैकिया ने चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाए जाने का मुद्दा संसद में उठाया। सोमवार को उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन सबसे बड़े बांध का निर्माण कर रहा है। इससे भारत, खासतौर पर उत्तर पूर्व राज्यों में आपदाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई कि पड़ोसी देश से बात कर इसे रुकवाया जाए। असम के दरांग-उदलगुड़ी से सांसद सैकिया



ने लोकसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने का ऐलान किया है। तिब्बत के क्षेत्र में बनने जा रहे इस बांध से भारत और बांगलादेश दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

दिलीप सैकिया ने कहा कि यह बांध हिमालय की विशाल घाटी में बनाया जाना है और यह क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश के करीब है। उन्होंने कहा कि इस बांध के बनने से जहां पर्यावरण और स्थानीय जनता प्रभावित होगी। अनेक घटनाएं घटित हो सकती हैं। बांध बनने के बाद ब्रह्मपुत्र के प्रवाह पर चीन का नियंत्रण हो जाएगा और उत्तर पूर्व भारत में पानी की कमी या बाढ़ का संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि चीन के साथ बात कर इस बांध के निर्माण को रोका जाए।

### शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

शून्यकाल में ही भाजपा के बी महताब ने वंदे भारत ट्रेन में स्वतंत्रता सेनानियों को प्रथम श्रेणी यात्रा के पास की सुविधा दिए जाने की मांग सरकार से की। शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत ने सरकार से मांग की कि मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराजा टर्मिनस के सामने शिवाजी की प्रतिमा स्थापित की जाए। वहीं, भाजपा के त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तराखंड में बाढ़ से होने वाले खतरे को उठाया। उन्होंने कहा कि वहां खराब मौसम में बाढ़ से पूरा इलाका प्रभावित होता है। बांध से अचानक छोड़े गए पानी से बाढ़ आती है और फसलें बर्बाद करती हैं। यह संकट बरसात में आता है, इसलिए गंगा नदी पर बने बांधों से छोड़े जाने वाले पानी के लिए वैज्ञानिक प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए, ताकि बाढ़ के प्रकोप को रोका जा सके।

# अरविंद केजरीवाल बनना चाहते हैं पंजाब का मुख्यमंत्री

- अब भाजपा ने भगवंत मान को चेताया

**नई दिल्ली.** कांग्रेस के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने भी दावा किया है कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की नजरें पंजाब पर हैं। दावा किया जा रहा है कि केजरीवाल विधायकों के जरिए दबाव डालकर पंजाब का सीएम बनने का 'सपना' देख रहे हैं। खास बात है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद केजरीवाल ने पंजाब के मंत्रियों और विधायकों की बैठक बुलाई थी। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'दिल्ली चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की बैठक दिल्ली में बुलाई थी। ऐसा बताया जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल जी अब भगवंत मान जी को नालायक बताकर, अयोग्य बताकर, उन्होंने औरतों को हजार रुपया देने का वादा पूरा नहीं किया, पंजाब में नशा नहीं रोक पा रहे, पंजाब में कानून व्यवस्था खराब हो रही है। यह कहकर वह भगवंत मान जी को हटाना चाह रहे हैं और खुद अपने विधायकों से यह कहलवा कर कि अरविंद केजरीवाल अच्छे आदमी हैं, इन्हें मुख्यमंत्री बनाओ ऐसा सपना देख रहे हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं अरविंद केजरीवाल जी को बताना चाहता हूं कि यह पंजाब है। कभी गलती से ऐसा सपना भी मत देखना। पंजाब के लोग किसी सूरत में इस चीज को बर्दाश्त भी नहीं करेंगे और आपको बनने भी नहीं देंगे। मैं भगवंत मान जी से भी कहना चाहता हूं कि ऐसे काम इससे पहले हो जाएं, आपको सतर्क होना चाहिए। अरविंद केजरीवाल किसी के सगे नहीं हैं।

# बिजनेसमैन नाना को नाती ने 70 बार चाकू मारा

- हैदराबाद में 500 करोड़ की प्रॉपर्टी के विवाद में हत्या
- अमेरिका से पढ़कर लौटा था

**हैदराबाद.** हैदराबाद में 29 साल के युवक ने अपने 86 साल के बिजनेसमैन नाना की 6 फरवरी को हत्या कर दी। बिजनेसमैन वेलामती चंद्रशेखर 500 करोड़ के मालिक थे। नाती कीर्ति तेजा ने उन पर चाकू से 70 से ज्यादा वार किए।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और बताया कि हत्या की वजह प्रॉपर्टी विवाद है। पुलिस के मुताबिक चाकू से वार करते हुए



वीसी जनार्दन राव, नाना — कीर्ति तेजा, नाती

तेजा कहता रहा, 'तुमने संपत्ति का सही बंटवारा नहीं किया। कोई मुझे सम्मान नहीं दे रहा। मुझे मेरा पैसा दो।'

अपनी मां पर भी हमला किया

पुलिस ने बताया कि विक्टिम वेलामती चंद्रशेखर सोमजीगुड़ा में अपनी बेटी सरोजिनी देवी के साथ रहते थे। सरोजिनी देवी तेजा की मां हैं। 6 फरवरी की शाम को तेजा नाना से मिलने उनके घर पहुंचा।

जब सरोजिनी देवी किचन में कॉफी लेने गईं, तो तेजा और राव के बीच प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर बहस शुरू हो गई। गुस्से में तेजा ने चाकू निकाला और राव पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

मां सरोजिनी देवी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो तेजा ने उन पर भी पांच-छह बार हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

उन्होंने 11 बजे अपने भाइयों को फोन करके बुलाया। जब 12 बजे तक उनके भाई पहुंचे, तब तक वेलामती चंद्रशेखर की मौत हो चुकी थी।

### डंपर से टकराई कार, दंपती की मौके पर ही मौत

**आगरा.** आगरा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और एक डंपर से आमने-सामने टकरा गई। इस भीषण टक्कर में पति-पत्नी की मौत हो गयी। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जबकी मृतक दंपती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ये घटना चित्राहाट थाना क्षेत्र के सहायपुर गांव का है। जहां कार सवार छह लोग महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे थे। तभी रास्ते में उनकी कार एक बड़े ट्रक से टकरा गयी।

# बेंगलुरु में एयरो इंडिया-2025 शो

- तेजस हवा में 360 घूमा
- सुखोई का आसमान में करतब
- सूर्य किरण से निकले 3 रंग

**बेंगलुरु.** एशिया के सबसे बड़े एयर शो में से एक एयरो इंडिया 2025 की आज से शुरुआत हो गई। यह शो बेंगलुरु के येलाहेंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है। जो 14 फरवरी तक चलेगा।

एयर शो में तेजस मार्क 1ए विमान ने हवा में 360 चक्कर लगाया। वहीं सुखोई एसयू-30 एमकेआई ने भी आसमान में करतब दिखाया। सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग फैलाए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। शो में करीब 30 देशों के रक्षामंत्री या प्रतिनिधि और 43 देशों के वायु सेना प्रमुख और सचिव मौजूद रहेंगे।

शो के पहले 3 दिन बिजनेस विजिटर्स और आखिरी 2 दिन आम लोगों के लिए रहेंगे।

# PM ने फोकस के लिए दिया क्रिकेट मंत्र

- कहा- सिर्फ बॉल पर फोकस करें
- शोर पर नहीं; पेरेंट्स पढ़ाई का प्रेशर न डालें
- PM मोदी की स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स को सीख

**नई दिल्ली.** परीक्षा पे चर्चा के आठवें एडिशन में PM नरेंद्र मोदी ने 10वीं ओर 12वीं के स्टूडेंट्स से बोर्ड एग्जाम्स को लेकर बातचीत की।

PM ने स्टूडेंट्स से कहा- सबसे पास दिन में 24 घंटे ही होते हैं। कोई इतने ही समय में सब-कुछ कर लेता है, तो कोई यही कहता रहता है कि समय नहीं है। ऐसे में टाइम मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है।

परिवार बच्चों को प्रेशर देता है। बच्चे को आर्टिस्ट बनना है तो कहते हैं कि इंजीनियर बनो। माता-पिता आप अपने बच्चों की इच्छाओं को समझिए, क्षमताओं को समझिए। मदद कीजिए। हमें सोचना चाहिए कि परीक्षा जरूरी है या जीवन। टीचर्स दूसरे बच्चों से तुलना न करें। कुछ कहना है तो अलग से कहें।

ज्यादातर लोग खुद से स्पर्धा नहीं करते, दूसरे से करते हैं। जो खुद से स्पर्धा करता है, उसका विश्वास कभी टूटता नहीं। टारगेट हमेशा ऐसा हो, जो पहुंच में हो, लेकिन पकड़ में न हो। 95%



मार्क्स लाने का टारगेट था और 93% आए तो आप सफल हैं।

झरने की आवाज सुनिए। आपको आवाज सुनाई दे रही है। आप लोगों को मेडिटेशन करना चाहिए। आपके मन में क्या चल रहा है, उसे भी सोचिए। अगर ऐसा कर रहे हैं तो आपका ध्यान केंद्रित हो रहा है। परेशानी, चिंता से निकलने के लिए प्राणायाम कीजिए। आपको आपकी बॉडी पर कंट्रोल होगा।

अगर किसी पल को जिया नहीं तो वो चला जाएगा, फिर नहीं लौटेगा। याद करें कि अपने भाई से पहले बहुत बात करते थे, अब नहीं करते। पहले स्कूल से आते ही सारी बात मां को बताते थे, अब नहीं कर रहे हैं। धीरे-धीरे आप सिमटते जाते हैं। इसके बाद डिप्रेशन में चले जाते हैं।

सबसे पास दिन में 24 घंटे होते हैं। कोई इसमें सब-कुछ कर लेता है, कोई रोता रहता है कि पढ़ने का समय नहीं मिलता। वास्तव में वो अपना समय मैनेज करना नहीं जानते। यह सोचना चाहिए कि हम अपने समय का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कैसे करें।

# 'सुर्खा' से तबाही मचाना चाहते थे 31 नक्सली



**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 31 नक्सलियों को मार गिराया है। इसके बाद नक्सलियों की एक बड़ी साजिश का भी भंडाफोड़ हुआ है। माओवादी अपने अत्याधुनिक 'सुर्खा' रॉकेट लॉन्चर और विस्फोटकों से सुरक्षाबलों को भारी नुकसान पहुंचाने की फिराक में थे, लेकिन जवानों ने सतर्कता और बहादुरी से इस हमले को नाकाम कर दिया। नक्सली निकाय चुनाव से पहले बड़ी वारदात की फिराक में जुटे थे।

सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार बरामद किए हैं, जिसमें खतरनाक रॉकेट लॉन्चर भी शामिल है। नक्सलियों ने अपने साहित्य में इसे 'सुर्खा' नाम दिया हुआ है और यह हथियार इतना घातक है कि एक ही विस्फोट से जवानों को बड़ा नुकसान हो सकता था, लेकिन जवानों ने समय रहते इस बड़े खतरे को टाल लिया और माओवादियों की कमर तोड़ दी। इस मुठभेड़ में तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बड़े नक्सली कैडर के मारे जाने की जानकारी भी सामने आ रही है। मारे गए नक्सलियों में लाखों के इनामी नक्सली हैं। आधिकारिक तौर पर अभी इसका ब्यौरा नहीं दिया गया है।

#### 7-8 घंटे तक दोनों ओर से फायरिंग

बीजापुर के मद्देड-फरसेगढ़ बॉर्डर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान 9 फरवरी की सुबह 8 बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम 3-4 बजे तक चलती रही। मुठभेड़ खत्म होने के बाद 31 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए, जिनमें 11 महिला नक्सली भी शामिल हैं। मौके से एके-47, एसएलआर, इंसास, 303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर, बीजीएल लॉन्चर और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। हथियार देखकर लग रहा है कि नक्सली बड़ी वारदात की फिराक में थे।

# रोहित सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाने वाले दूसरे बैटर

- अपनी सेकेंड फास्टेस्ट सेंचुरी भी लगाई
- विराट के 329 इंटरनेशनल कैच पूरे

कटक वनडे में भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली। कप्तान रोहित ने वनडे में 16 महीने बाद शतक लगाया। उनके शतक की बदौलत भारत ने 305 का लक्ष्य 44.3 ओवर में हासिल कर लिया।

रविवार को रिकॉ* का दिन रोहित के नाम रहा। रोहित वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अपनी सेकेंड फास्टेस्ट सेंचुरी भी लगाई।

साथ ही, जो रूट ने वनडे में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

#### वनडे के टॉप रिकॉर्ड्

इंग्लैंड के लिए टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड जो रूट के नाम हो गया। रूट ने टेस्ट में 101 और वनडे में 56 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं टी-20 में जोस बटलर ने 27 फिफ्टी लगाई हैं।



इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ इस दौरे पर अब तक 5 टी-20 और 2 वनडे मैच खेले। टीम ने हर मैच में 9 या उससे ज्यादा विकेट गंवाए।

कप्तान रोहित शर्मा ने 11 इंटरनेशनल मैचों के बाद कोई बड़ी पारी खेली। उन्होंने रविवार को 119 रन बनाए।

वनडे में इंग्लिश टीम ने 99वीं बार 300+ स्कोर बनाया। टीम ने 28वीं बार 300+ रन बनाकर मैच भी गंवाया। वहीं भारत ने 136 बार 300 से ज्यादा रन बनाए, टीम को 27 में हार मिली।

इंग्लैंड की वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वनडे में लगातार चौथी सीरीज हार है। टीम ने पिछले 20 साल में भारत में लगातार सातवीं वनडे सीरीज गंवाई है।

रोहित शर्मा बतौर कप्तान 50 वनडे मैचों में से 36 जीत चुके हैं।

### विराट के इंटरनेशनल क्रिकेट में 329 कैच पूरे

विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ कटक में 2 कैच लिए। उनके अब इंटरनेशनल क्रिकेट में 329 कैच पूरे हो गए हैं। विराट, राहुल द्रविड़ के बाद दूसरे भारतीय हैं, जिन्होंने 300 से ज्यादा कैच लिए हैं। रिकॉर्ड में पहले नंबर पर श्रीलंका के महेला जयवर्धने हैं, जिनके नाम 440 कैच हैं।

### दुनिया के 40 देशों से कच्चा तेल खरीदता है भारत

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने हाल ही में भारत के पेट्रोलियम इंपोर्ट से जुड़े कुछ आंकड़े पेश किए हैं। सरकार ने बताया है कि भारत दुनिया के 40 देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति करता है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को कहा है कि भारत अपनी मांग को पूरा करने के लिए सभी संभावित स्त्रोतों से कच्चा तेल आयात करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री इंडिया एनर्जी वीक 2025 से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि भारत ने बीते कुछ महीनों में कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए अपने स्त्रोतों में विविधता लाने की कोशिश की है।

## संक्षेप...

### मुंबई मनपा के जल्द चुनाव कराने पर जोर

**मुंबई.** दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत के बाद पार्टी की मुंबई इकाई 277 सदस्यीय ग्रेटर मुंबई मनपा के लिए जल्द चुनाव कराने पर जोर दे रही है। शहर भाजपा के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नगरसेवक रवि राजा ने बताया कि महानगर लंबे समय से नगर निगम में निर्वाचित प्रतिनिधियों के बिना है। उन्होंने पूछा, ₹आखिरी चुनाव फरवरी 2017 में हुए थे और तब चुने गए नगरसेवकों का कार्यकाल मार्च 2022 में समाप्त हो गया था। शहर को कब तक नगरसेवकों के बिना चलाया जा सकता है।₹ कई पूर्व नगरसेवक इस बात से नाराज हैं कि लगभग 75,000 करोड़ रुपये के बजट वाले एमसीजीएम को नौकरशाह चला रहे हैं।

# BJP से हाथ मिलाएंगे राज ठाकरे?

- **सीएम देवेंद्र फडणवीस ने की मुलाकात, क्या हैं मायने?**



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की है. सीएम बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस की राज ठाकरे से यह पहली मुलाकात है. स्थानीय चुनाव में राज ठाकरे और बीजेपी के एकसाथ आने की संभावना है. इसके पहले भी सीएम बनने के बाद फडणवीस ने राज ठाकरे से मुलाकात की थी.

बता दें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद राज ठाकरे ने भी ईवीएम पर सवाल उठाया था, जिसको लेकर सामना में तंज भी लिखा गया था. वहीं राज ठाकरे ने पिछले महीने सत्तारूढ़ बीजेपी पर जमकर निशाना साधा था. राज ठाकरे ने कहा था कि बीजेपी ने एक बार कहा था कि करोड़ों रुपये के घोटाले में शामिल नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा, लेकिन इसके बजाय उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया.

**मनसे ने अकेले लड़ा था विधानसभा चुनाव**

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को समर्थन दिया था, लेकिन इसके बाद ठाकरे की पार्टी ने पिछले साल नवंबर में राज्य विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ा था. मनसे विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी. हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले बीएमसी के चुनाव को लेकर दोनों नेताओं की मुलाकात हुई है.

दरअसल, महाराष्ट्र के 27 नगर पालिकाओं में चुनाव कराए जाने हैं, जिनमें बीएमसी भी शामिल है. इसके अतिरिक्त हाल में बनाए गए दो नए नगर पालिका में भी पहला चुनाव होना है. स्थानीय निकाय चुनाव न कराए जाने के कारण सभी नगर पालिका में प्रशासन का काम सरकार द्वारा नियुक्त एडमिनिस्ट्रेटर करते हैं.

### नवी मुंबई में सार्वजनिक स्थानों पर आसाराम बापू के होर्डिंग्स लगाए जाने से आक्रोश

**नवी मुंबई.** दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन पर आसाराम बापू के विज्ञापन पोस्टरों को लेकर विवाद अभी थमा भी नहीं था कि अब महाराष्ट्र के नवी मुंबई में भी उसी तरह के होर्डिंग्स दिखाई दिए हैं.

शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों—वाशी रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप और व्यस्त सड़कों के किनारे लगाए गए इन बड़े-बड़े पोस्टरों ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है. गौरतलब है कि आसाराम बापू बलात्कार का दोषी करार दिया जा चुका है और उम्रकैद की सजा काट रहा है. ऐसे में एक सजायाफ्ता अपराधी का महिमामंडन करना और सार्वजनिक जगहों पर उसके प्रचार-प्रसार की अनुमति देना, न केवल कानूनी बल्कि नैतिक रूप से भी गंभीर सवाल खड़े करता है.

# यात्री सेवा ही ईश्वर सेवा



- **एसटी कर्मचारियों को एकनाथ शिंदे ने दी सलाह**

**ठाणे.** शहर स्थित खोपट बस स्टैंड पर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने वातानुकूलित एसटी विश्रामगृह के उद्घाटन करते समय कहा कि यात्रियों की सेवा ही ईश्वर सेवा है यह समझ कर काम करना चाहिए।हमारी सरकार उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखने में सक्षम है। इस कार्यक्रम में राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबिटकर वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल के साथ एसटी के प्रभारी उपाध्यक्ष व प्रबंध निदेशक विवेक भीमनराव,शिवसेना नेता संजय निरुपम उपस्थित थे।डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि एसटी का चेहरा बदलना और 'फाइव स्टार' परिवहन सेवाएं बनाना हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य है और एसटी के यात्रियों को हवाई अड्डे जैसे बस स्टैंड प्रदान करने के लिए निजी-सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से अभिनव गतिविधियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।पिछले साल महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के माध्यम से हमने एसटी के 191 बस स्टैंड को खड्डों से मुक्त किया। क्षेत्र को रुपये की लागत से कंक्रीटिंग का काम लिया है। उन्होंने एसटी प्रशासन को प्रत्येक गोदाम में वातानुकूलित स्वच्छ और ठंडे विश्राम कक्ष बनाने का निर्देश दिया ताकि एसटी के ड्राइवर अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद तनाव मुक्त नींद ले सकें।उन्होंने खोपट बस स्टैंड पर पुनर्निर्मित विश्राम गृह पर संतोष व्यक्त करते हुए इस "रोल मॉडल" को पूरे प्रदेश में लागू करने के निर्देश भी दिये।

### 100 बेड वाला कैशलेस अस्पताल बनाने का संकल्प

राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि एसटी कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राज्य भर में सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजना के तहत आगार में 100 बेड वाला कैशलेस अस्पताल बनाने का संकल्प है।हम एकनाथ शिंदे के जन्मदिन पर इस योजना की शुरुआत कर रहे हैं और भविष्य में एसटी कर्मचारियों को सरकार की महात्मा फुले जन आरोग्य योजना के साथ-साथ विभिन्न चिकित्सा सेवा सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी और इसका लाभ क्षेत्र के यात्रियों और आम जनता को भी दिया जाएगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में एसटी कर्मचारी एवं यात्री उपस्थित थे।

# भंगार गोदाम में लगी आग से हजारों का भंगार स्वाहा



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** सोनाले ग्राम अंतर्गत गोदाम परिसर स्थित एक भंगार गोदाम में दोपहर को लगी अचानक आग से गोदाम में भंडारण हुआ प्लास्टिक,रद्दी पेपर, पुट्ठा,धागा आदि जलकर स्वाहा हो गया.घटना की सूचना मिलते ही फायरकर्मियों की टीम पहुंचकर कड़ी मेहनत से आग को बुझाया जिससे आग फैलने से रुकी

आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली.पुलिस आगजनी का मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की तलाश कर रही है.

# धर्मवीर आनंद दिघे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भूमिपूजन

- **परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक के हाथों डाली गई नींव**
- **बोरीवाडे मैदान के लिए ठाणे मनपा का परियोजना**



**ठाणे.** मनपा की ओर से बोरिवडे मैदान कासारवडवली में आरक्षण और सुविधा भूखंडों के विकास कार्यक्रम के तहत बनाए जा रहे धर्मवीर आनंद दिघे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भूमि पूजन रविवार को परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के हाथों से किया गया।घोड़बंदर रोड वार्ड नं. 1में आरक्षण व सुविधा भूखण्डों के विकास के लिए क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विकास' योजना के अंतर्गत राज्य सरकार की ओर से 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।इससे बोरिवडे मैदान को विकसित कर धर्मवीर आनंद दिघे खेल परिसर का निर्माण किया जा रहा है।इससे यहा के रहिवासियों को लाभ होगा।इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक पूर्वेश सरनाईक,पूर्व नगरसेविका साधना जोशी, कार्यकारी अभियंता संजय कदम, उप अभियंता बी. वी गव्हाणे सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।बोरिवडे मैदान आरक्षित भूखंड का क्षेत्रफल 84974 वर्ग मीटर है जिसमें से 6819 वर्ग मीटर क्षेत्र पर जिमखाना का निर्माण किया जाएगा। इस जिमखाना में विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधाएं होंगी।इसमें बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट, कुश्ती, कैंटीन आदि सुविधाएं होंगी।तो, मल्लखंब, कबड्डी, हुतुतु, लाल मिट्टी कुश्ती, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, स्केटिंग ट्रैक जैसे आउटडोर खेल भी शामिल हैं।

# भिवंडी का कुख्यात अपराधी 'तात्या' गिरफ्तार

- **14 गंभीर अपराधों में था वांछित**
- **सांसद सुरेश म्हात्रे ने लोकसभा में उठाया था मुद्दा**
- **ठाणे ग्रामीण क्राइम ब्रांच ने इगतपुरी से पकड़ा**

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** भिवंडी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बीड़ और परभणी जैसी गंभीर स्थिति की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। भिवंडी शहरी क्षेत्र में बढ़ते अपराध की पृष्ठभूमि में, भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने संसद में 14 गंभीर अपराध दर्ज कराने वाले एक कुख्यात व्यक्ति का उल्लेख किया था और कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद ठाणे ग्रामीण अपराध शाखा की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुजीत पाटिल उर्फ तात्या को इगतपुरी से गिरफ्तार कर लिया।

ग्रामीण अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दादासो एडके ने मीडिया को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुजीत पाटिल उर्फ तात्या के खिलाफ कुल 14 गंभीर अपराध दर्ज हैं। उन पर महाराष्ट्र संगठित अपराध अधिनियम (मोक्का) के तहत मामला दर्ज किया गया। वह चार साल तक जेल




में रहा। पैरोल पर जेल से रिहा होने के बाद, वह अपने पुराने तौर-तरीकों पर वापस जाने की कोशिश करने लगा।

पिछले चार-पांच सालों से सुजीत पाटिल का नाम भिवंडी क्षेत्र में सबसे ज्यादा चर्चा में था। भिवंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद सुरेश म्हात्रे ने कहा कि बीड और परभणी जैसी घटनाएं उनके लोकसभा क्षेत्र

> गिरफ्तार अपराधी सुजीत पाटिल के खिलाफ भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन में धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उसे इस अपराध में चाहती थी। स्थानीय पुलिस के साथ अपराध शाखा की एक टीम उसकी तलाश में थी। पाटिल को इगतपुरी से गिरफ्तार किया गया है।
>
> **-दादासो एडके,** वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अपराध शाखा, भिवंडी.

में नहीं होनी चाहिए। लोकसभा में मांग की गई कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करे कि क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण बनी रहे। उनके भाषण की पूरी विषयवस्तु सुजीत पाटिल उर्फ तात्या पर केंद्रित थी, जिसके खिलाफ 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। सांसद म्हात्रे द्वारा लोकसभा में प्रश्न उठाए जाने के बाद स्थिति तेजी से बदल गई।

ठाणे ग्रामीण अपराध शाखा की एक टीम ने सुजीत पाटिल का पता लगाया और उसे नासिक जिले के इगतपुरी से गिरफ्तार कर लिया। अदालत के आदेशानुसार उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। भिवंडी क्षेत्र के शिकायतकर्ता नागरिक तात्या के मामले की गहन जांच की मांग कर रहे हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने आगे की जांच के लिए सुजीत पाटिल की हिरासत भिवंडी तालुका पुलिस को सौंप दी है।

**'जनकवि पी. सावलाराम मेमोरियल अवार्ड' अभिनेता उदय सबनीस को**

# एक्ट्रेस लीना भागवत को गंगा-जमुना अवॉर्ड

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** मनपा और जनकवि पी. सावलाराम कला समिति की ओर से दिया जाने वाला 'जनकवि पी. सावलाराम मेमोरियल अवार्ड' अनुभवी अभिनेता उदय सबनीस को और 'गंगा-जमुना अवार्ड' अभिनेत्री लीना भागवत को देने की घोषणा की गई।रविवार 23 फरवरी शाम को 4.30 बजे डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में किया जायेगा।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस पुरस्कार समारोह में नागरिकों को निःशुल्क प्रवेश और बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए आवाहन किया है।मनपा और जनकवि पी. सावलाराम कला समिति के सहयोग से संगीत, अभिनय, शिक्षा, साहित्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।साथ ही इस मौके पर उभरते कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए 'इमर्जिंग आर्टिस्ट' अवॉर्ड भी दिया जाएगा।वर्ष 2024 के जनकवि प. 'सावलाराम पुरस्कार' अनुभवी अभिनेता उदय सबनीस को दिया जाएगा और पुरस्कार का स्वरूप 75 हजार रुपये।गंगा-जमुना पुरस्कार अभिनेत्री लीना भागवत को दिया जाएगा और स्वरूप 51 हजार रुपये सम्मान चिह्न है।इसके साथ ही साहित्यिक पुरस्कार लेखिका निकिता भागवत, शिक्षा पुरस्कार अरुंधति भालेराव और उभरते कलाकार पुरस्कार दत्तात्रय और दत्तू मोरे को दिया जाएगा।यह तीनों पुरस्कार 25-25 हजार रुपये और सम्मान चिह्न हैं।

**दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में**

# भव्य सुंदर कांड का आयोजन



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** शहर स्थित कापुरबावड़ी परिसर में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्री राम चरित तुलसीदास रामलीला समिति की ओर से आयोजित सुंदरकांड और भजन कीर्तन सुनकर भक्त भावविभोर हो गये।भजन कीर्तन के बाद उपस्थित सभी लोगों ने बाटी चोखा का महाप्रसाद ग्रहण किया। के. पी पांडे,अनिल शुक्ला, रामसजीवन दुबे, अरविंद गिरि,ध्रुव तिवारी, बी के पांडे, अनुरुद्ध तिवारी, भवन निर्माता विजय मिश्रा, दीपनारायण दुबे, अशोक मिश्रा, योगेश शुक्ला, प्रमोद तिवारी, जयप्रकाश दुबे, अशोक राय,रवी सिंह,प्रभाकर सिंह आदि को रामनामी देकर सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम श्री राम चरित तुलसीदास रामलीला समिति के अध्यक्ष विजय मिश्रा, हरि तिवारी, वीरेंद्र पांडे, अखिलेश उपाध्याय, ओमप्रकाश मिश्रा, अमित सिंह,महेंद्र तिवारी आदि के अथक परिश्रम से सफल हुआ।

# कस्टम्स ने 13.92 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त

**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्करी के अंतरराष्ट्रीय रैकेट का पर्दाफाश किया है. अधिकारियों ने एयर इंडिया और इंडिगो की दो अलग-अलग फ्लाइट्स से बैंकॉक से आए चार भारतीय यात्रियों के पास से 13,923 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया. इस जब्त किए गए ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 13.92 करोड़ रुपये आंकी गई है.

एयर इंटेलिजेंस यूनिट के अधिकारी मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित ड्यूटी पर तैनात थे जब उन्हें दो अलग-अलग फ्लाइट्स से आए चार यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं. अधिकारियों ने शक के आधार पर उनकी जांच की जिसमें भारी मात्रा में हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ.

पहली जांच एयर इंडिया की फ्लाइट A353 से पहुंचे प्रवीण सिंह और सूरज उपाध्याय से शुरू की गई. तलाशी के दौरान प्रवीण सिंह के बैग से 4,015 ग्राम और सूरज उपाध्याय के बैग से 2,859 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा मिला. इसके बाद इंडिगो की फ्लाइट 6E-1052 से आए दो बाकी यात्रियों शिवम बलिंद्र यादव और मयंक बलराम दीक्षित को रोका गया. जांच के दौरान शिवम के बैग से 3,004 ग्राम और मयंक के बैग से 4,045 ग्राम गांजा बरामद किया गया. चारों यात्रियों के खिलाफ मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है. मुंबई एयरपोर्ट पर हाल के महीनों में ड्रग्स तस्करी के कई मामले सामने आए हैं.

# एसएसटी कॉलेज के 'डांस मैनिया' की दोहरी जीत

- **50,000 नकद पुरस्कार पर मोहर**

**कल्याण.** कल्याण के बिरला कॉलेज द्वारा आयोजित 'बिर्लोत्सव 2025' की नृत्य प्रतियोगिता में उल्हासनगर के एसएसटी कॉलेज की सांस्कृतिक समिति के 'डांस मैनिया' ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लोकनृत्य और समूह नृत्य दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ टीम ने कुल 50,000 का नकद पुरस्कार जीतकर महाविद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि की।

लोकनृत्य श्रेणी में एसएसटी कॉलेज की टीम ने कर्नाटक का गोरु काना लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि




समूह नृत्य श्रेणी में हिप-हॉप की जबरदस्त प्रस्तुति देकर दर्शकों में जोश भर दिया। प्रतियोगिता में डांस मैनिया की टीम ने शानदार समन्वय, बेहतरीन तालबद्धता और प्रभावशाली नृत्य कौशल का प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। इस सफलता में डांस मैनिया के प्रशिक्षक सन्नप्पा कांबळे और हेमंत कांचन का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

इस ऐतिहासिक जीत पर संजीवनी सांस्कृतिक समिति के प्रमुख डॉ. तुषार वाकसे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ₹महाविद्यालय के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, समर्पण और नृत्यकला में उत्कृष्टता के कारण यह विजय संभव हो पाई है।

एसएसटी कॉलेज के 'डांस मैनिया' दल ने इससे पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।


इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, इस जीत से महाविद्यालय की सांस्कृतिक सफलता को एक नई ऊँचाई मिली है। इस ऐतिहासिक विजय पर महाविद्यालय की ओर से पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी गयी।

# सोनू सूद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश हुए

- **मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के फ्रॉड में गवाही दी**
- **मुंबई पुलिस को थे गिरफ्तारी के आदेश**

फिलीवुड एक्टर सोनू सूद लुधियाना की कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। जहां उन्होंने मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के फ्रॉड केस में अपनी गवाही दी। इसको लेकर कोर्ट की तरफ से दोपहर बाद ऑर्डर जारी किया जाएगा।

बता दें कि लुधियाना की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (JMIC) रमनप्रीत कौर की कोर्ट ने 29 जनवरी को सोनू सूद के गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। कोर्ट ने मुंबई अंधेरी वेस्ट के ओशिवरा थाने के SHO को सोनू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए थे।



दरअसल, लुधियाना में मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के खिलाफ फ्रॉड का केस दर्ज हुआ है। इस कंपनी ने सोनू सूद को ब्रांड एंबेसडर बना रखा था। कोर्ट ने सोनू सूद को गवाही के लिए समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। सोनू सूद मूल रूप से पंजाब के मोगा के रहने वाले हैं। हालांकि, अब वह मुंबई में रहते हैं।

इससे पहले हरियाणा के सोनीपत में भी बॉलीवुड स्टार श्रेयस तलपड़े और आलोकनाथ पर FIR दर्ज हो चुकी है। जिसमें भी सोनू सूद का नाम आया था कि वे कंपनी के चीफ गेस्ट बनकर आए थे। हालांकि, FIR के आरोपियों में सोनू सूद का नाम नहीं था।

लुधियाना के वकील राजेश खन्ना ने बताया कि नवंबर 2021 में वो मोहित शुक्ला नाम के व्यक्ति से मिले थे। जिसने बताया था कि वो 'रिकेजा कॉइन' नाम की एक मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी में काम करता है। मोहित ने उनको पंजाब के फिरोजपुर रोड स्थित होटल रेडिसन ब्लू में मिलने के लिए बुलाया था।

यहां पर उसने उन्हें अपनी कंपनी के काम के बारे में बताया। उसने बताया कि कंपनी की एक स्कीम के तहत 8 हजार रुपए इन्वेस्ट करने पर 10 महीने बाद 24 हजार रुपए मिलते हैं।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099